

# 3 दशक से जीवन बचाने की मुहिम, रक्तसेवी का किया सम्मान

▸ श्याम पाटिल ने लिया हजारों लोगों तक रक्त पहुंचाने का संकल्प



**सेंधवा, ( रमन बोरखड़े )।** भौतिकवाद और भागदौड़ भरे दौर में जहां समाज में संवेदनाएं कमजोर पड़ती नजर आती हैं, वहीं सेंधवा के रक्तसेवी श्याम पाटिल पिछले तीन दशकों से मानवता की सेवा का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं।

1993 में शहर के एक अस्पताल में रक्त के अभाव में दो वर्षीय बालिका की मौत ने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया था। इसी घटना ने उनके जीवन की दिशा बदल दी और उन्होंने जरूरतमंद मरीजों तक रक्त पहुंचाने का संकल्प ले लिया। तब से लेकर आज तक वे नि:स्वार्थ भाव से लोगों की मदद में जुटे हुए हैं। उनके इसी समर्पण देखते हुए 14 जून को थाना प्रभारी दिनेश सिंह कुशवाह व पुलिस टीम ने उन्हें पुष्पमाला पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। तीन दशक से जारी उनकी यह सेवा मानवता के प्रति समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व की मिसाल मानी जा रही है।

### एक संदेश पर तैयार हो जाते हैं लोग

सेंधवा नगर में रक्तदान को लेकर लोगों में विशेष जागरूकता व संवेदनशीलता देखने को मिलती है। हिंदू-मुस्लिम सहित सभी वर्गों के लोग दिन हो या रात, ठंड हो या बारिश, जरूरत पड़ने पर रक्तदान के लिए आगे आते हैं। श्याम पाटिल ने वर्षों की मेहनत से ऐसा नेटवर्क तैयार किया है कि एक संदेश पर रक्तदाता अस्पताल पहुंच जाते हैं। मोबाइल युग आने से पहले भी जब किसी अस्पताल में रक्त की आवश्यकता होती थी, तब लोगों की पहली उम्मीद श्याम पाटिल ही होते थे। आज भी वे जरूरतमंद परिवारों और रक्तदाताओं के बीच एक मजबूत कड़ी बने हुए हैं।

**हजारों परिवारों के लिए उम्मीद का नाम बने श्याम**

सेंधवा व पानसेमल क्षेत्र के सैकड़ों गांवों व लगभग 300 पंचायतों में रहने वाले लाखों लोगों के लिए श्याम पाटिल भरोसेमंद नाम बन चुके हैं। प्रतिवर्ष हजारों यूनिट रक्त की आवश्यकता पड़ती है, जिसकी व्यवस्था में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहता है। अस्पतालों में परेशान व निराश परिजनों के बीच पहुंच रक्त की व्यवस्था कराना उनकी दिनचर्या का हिस्सा बन चुका है।

# पुलिस ने की किसानों के साथ मीटिंग

**बड़वानी, ( नवभारत )।** एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में 14 जून 2026 को अंजड़ पुलिस टीम द्वारा ग्राम मोहीपुरा में किसानों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

पुलिस अधिकारियों और स्थानीय कृषकों के बीच सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अत्यंत विस्तृत, सकारात्मक एवं व्यावहारिक चर्चा हुई। वारदातों पर पूरी तरह लगाम लगाने के लिए पुलिस व ग्रामीणों के संयुक्त सहयोग से ठोस रणनीतियों पर अमल करने का निर्णय लिया गया।

पुलिस ने बताया कि सुरक्षा के लिहाज से संवेदनशील चौराहों, खेतों की ओर जाने वाले मुख्य रास्तों और सम्पर्क मार्गों पर ग्रामीणों के सहयोग से सीसीटीवी कैमरे लगाने पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

किसानों की चिंता को दूर करते हुए खेतों, सूनसान इलाकों और ग्रामीण बसाहटों में पुलिस की रात्रि गश्त और पैदल पेट्रोलिंग को और अधिक बढ़ाने का ठोस आश्वासन दिया गया। क्षेत्र में बिना वजह घुमने वाले अज्ञात, संदिग्ध व्यक्तियों और कबाड़खानों पर कड़ी नजर रखने तथा उन्हें चिंहित कर वैधानिक कार्रवाई करने की रणनीति बनाई गई। किसी भी अप्रिय या संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने के लिए पुलिस और किसानों का एक सांझा नेटवर्क तैयार किया गया है, ताकि अंजड़ पुलिस समय रहते त्वरित कार्रवाई कर सके।



### एक नजर में

## एसपी ने ली थाना प्रभारियों और रीडरों की बैठक



**बड़वानी।** एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में 14 जून को जिले के थाना प्रभारियों द्वारा थानों में विवेचकों की अपराध समीक्षा बैठक की गई। जिसमें लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र एवं समय-सीमा में निराकरण के दिशा-निर्देश दिए। थाना प्रभारियों को मुहर्रम पर्व दृष्टिगत रखते हुए बीट क्षेत्रों में नियमित भ्रमण करने, संदिग्ध व्यक्तियों की सतत निगरानी रखने, गुंडा-बदमाशों की समय-समय पर चेकिंग करने एवं असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर बनाए रखने के लिए निर्देशित किया। बैठक में थाना प्रभारियों ने नागरिकों से संवाद स्थापित किया। साथ ही आमजन से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, जिससे पुलिस एवं जनता के आपसी समन्वय से क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखी जा सके।

## जिले में मछली पकड़ने पर 15 अगस्त तक रोक

**बड़वानी।** कलेक्टर जयति सिंह ने जिले में 16 जून से 15 अगस्त 2026 तक के लिए मत्स्याखेट पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। आदेश में कहा है कि वर्षा ऋतु में मछलियों की वंशवृद्धि (प्रजनन) के दृष्टिकोण से उन्हें संरक्षण देने के लिए राज्य के सभी तरह के जल संसाधनों में मध्यप्रदेश नदी मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा 3(2) के अंतर्गत उक्त अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) अधिघोषित किया गया है।

# महामंडलेश्वर साध्वी मां का आगमन

▸ विद्यालय भवन का अवलोकन कर शिक्षा के महत्व पर रखे अपने विचार





**पानसेमल, ( नवभारत )।** नगर के एक मात्र सीबीएसई स्कूल संस्कार शिक्षा निकेतन में शनिवार ख्यात कथाकार एवं श्री शंभू पंचाग्नि अखाड़े की महामंडलेश्वर परम पूज्य साध्वी मां कनकेश्वरी देवी के आगमन पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया। संतजनों, संस्था सदस्यों एवं स्टॉफ के साथ विद्यालय भवन एवं सुविधाओं का अवलोकन कर संचालकों को बेहतर प्रबंधन के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

इस अवसर पर मां कनकेश्वरी देवी ने शिक्षा के समाज में महत्व को बताते हुए संस्था स्टॉफ को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब कोई संत के संकल्प से विद्यालय प्रारंभ होता है। उसमें पढ़े विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार भी मिलते हैं। एक अच्छा विद्यालय समाज की कई पीढ़ी को गढ़ता है। एक श्रेष्ठ स्कूल समाज में एक जेल को खत्म कर देता है। संस्था के संस्थापक परम पुज्य स्वामी सदानंद जी महाराज की सादगी पर कहा कि वैराग्य से वैभव उत्पन्न कर समाज को समर्पित कर दे ऐसे संत विरले ही होते हैं। उन्होंने संतश्री के प्रयास से बने संस्कार शिक्षा निकेतन के सर्वसुविधायुक्त भवन तथा स्टॉफ की प्रशंसा करते हुए कहा कि क्षेत्रवासियों के लिए यह विद्यालय वरदान जैसा है। यहां बेहतर शिक्षा के साथ संस्कार भी मिलते हैं। विद्यालय स्टॉफ को संतों के आशीर्वचन भी प्राप्त हुए।

इस अवसर पर परम पुज्य संत श्री परमेश्वरानंद जी महाराज, परम पुज्य संत श्री शिवानंद गिरी जी महाराज सहित विद्यालय प्रबंधन पदाधिकारी सदस्य एवं विद्यालय स्टॉफ मौजूद रहा।

## प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**बड़वानी।** कलेक्टर जयति सिंह ने त्यौहारों के मद्देनजर जिले में कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा और साम्प्रदायिक सद्भाव की स्थिति को बनाए रखने असामाजिक तत्वों, आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों तथा निहित स्वार्थी तत्वों की गतिविधियों को नियंत्रित करने जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत 2 माह की अवधि तक प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। कलेक्टर ने एसपी से प्राप्त प्रतिवेदन के अवलोकन के बाद सहमत होते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। यह आदेश सर्व साधारण को सम्बोधित है एवं परिस्थितियां ऐसी है कि समय अभाव के कारण सर्वसाधारण को सूचना तामिल नहीं की जा सकती है और न ही आपत्तियां प्राप्त की जा सकती है। यह आदेश एक पक्षीय पारित किया जाता है। आदेश का उल्लंघन होने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 तथा अन्य समस्त प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

# वाहन चोरी का खुलासा, एक पकड़ाया

▸ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में हासिल की सफलता

**बड़वानी, ( नवभारत )।** एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में वरला पुलिस ने वाहन चोरी का खुलासा किया। पुलिस ने सूचीबद्ध गुंड बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

पुलिस ने बताया कि 9 मई 2026 को फरियादी संजय पिता गिलदार भुगवाडे निवासी गंगानगर बलवाड़ी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वरला थाना प्रभारी नारायण रावल ने पुलिस टीम गठित की। टीम द्वारा लगातार आरोपी की तलाश की जा रही थी। विवेचना के दौरान 13 जून 2026 को मुखबिर से सूचना मिली कि थाने का सूचीबद्ध गुंडा बदमाश मनोज बंजारा चोरी की बाईक बेचने की फिराक में गेरुघाटी की ओर जाने वाला है। जिस पर टीम ने दुधखेड़ा फाटा पर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा। उसके कब्जे से बिना नंबर प्लेट लगी बजाज पल्सर बाईक बरामद की। चेसिस एवं इंजन नंबर का मिलान करने पर उक्त बाईक अपराध क्रं. 94/26 में चोरी गई होना पाई गई।

पुछताछ में आरोपी ने गंगानगर बलवाड़ी से बाईक एवं रेडमी कंपनी का मोबाईल चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से बाईक एवं मोबाईल जब्त किया। आरोपी मनोज बंजारा के विरुद्ध वरला थाने में पूर्व से 9 अपराध पंजीबद्ध हैं। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

**कार्रवाई में इनकी रही भूमिका**

कार्रवाई में निरीक्षक नारायण रावल, प्रधान आरक्षक दीपक सिसोदिया, प्रधान आरक्षक अनिल सोलंकी, आरक्षक मयंक यादव, आरक्षक विपेसिंह सोलंकी एवं आरक्षक अरविंद कुशवाह की भूमिका रही।


### एक नजर में

## प्रार्थना और दर्शन के लिए देशभर से महू पहुंचे हजारों श्रद्धालु



**महू.** संत अंतोनी पादुआ के महापर्व पर शनिवार सुबह से ही देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालुओं का ऐतिहासिक संत अंतोनी चर्च पहुंचना शुरू हो गया. वैसे सैन्य क्षेत्र इन्फेंट्री स्कूल के भीतर स्थित इस चर्च में वर्षभर आम लोगों का प्रवेश सीमित रहता है, लेकिन 13 जून को संत अंतोनी पर्व के अवसर पर सेना की विशेष अनुमति से हजारों श्रद्धालुओं को चर्च में प्रवेश मिलता है. इस पर्व पर सेना द्वारा विशेष व्यवस्था की जाती है, ताकि देशभर से आने वाले श्रद्धालु दर्शन और प्रार्थना कर सकें. श्रद्धालुओं का कहना है कि वर्ष में एक बार मिलने वाला यह अवसर उनके लिए किसी तीर्थयात्रा से कम नहीं होता. इस दिन का इंतजार केवल महू ही नहीं, बल्कि देशभर के श्रद्धालु पूरे वर्ष करते हैं. सुबह से चर्च परिसर, प्रवेश मार्ग और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं. कई श्रद्धालु रात में ही महू पहुंच गए थे, जबकि बड़ी संख्या में लोग सुबह-सुबह इंदौर, भोपाल, उज्जैन, धार, देवास, रतलाम, खंडवा, मुंबई, पुणे, गोवा, गुजरात और राजस्थान सहित देश के विभिन्न हिस्सों से यहां पहुंचे. संत अंतोनी चर्च ने आस्था और सेवा के 133 वर्ष पूरे कर लिए हैं. चर्च की स्थापना 17 जून 1893 को हुई थी. एक सदी से अधिक समय से यह चर्च न केवल कैथोलिक समुदाय बल्कि सभी धर्मों के लोगों की श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है. संत अंतोनी पर्व पर देशभर से हजारों श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं. सैन्य क्षेत्र के भीतर स्थित होने के बावजूद यह चर्च राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान रखता है और महू की धार्मिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है.

## वामा क्लब ने अनाथ आश्रम के सदस्यों के साथ बिताए पल



**महू.** वामा क्लब महू की सदस्यों ने वृद्धाश्रम कृपालय में आश्रम के सदस्यों के साथ गीत संगीत तथा भजनों का आयोजन कर यादगार पल बिताए. साथ ही सभी के साथ स्वल्पाहार करते हुए .ठंडे पानी की बोतल का वितरण किया व सदैव यह यादें ताजी रखने व पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पांच वृक्षों का रोपण किया गया. वामा अध्यक्ष दिव्या सक्सेना ने कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए वामां के कार्यो की जानकारी दी. सचिव मीना ठाकुर ने सभी का आभार व्यक्त किया. इस कार्यक्रम में करूणा लुहारिया, गीता लखवानी, प्रतिमा नारद, अलका जैन, पद्मा सोडानी, पुष्पेश दवेसर, प्रेमलता नवाल, उर्मिला लुहारिया, शकुंतला विजयवर्गीय, शकुंतला सिंह आदि उपस्थित रहीं.

## दिवंगत परिजनों की स्मृति में गौशाला को दिए 1 लाख 1 हजार रुपए



**महू.** गौसेवा और धर्मार्थ कार्यों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए महू मेन स्ट्रीट निवासी लोहारिया परिवार (महेश सिलाई मशीन) ने अपने स्वर्गीय परिजनों की पावन स्मृति में गौमाता की सेवा के लिए 1 लाख 1 हजार रुपये की राशि श्री राधाकृष्ण गौशाला महू को दान स्वरूप भेंट की. इस अवसर पर गौशाला अध्यक्ष राधेश्याम यादव, मंत्री ओमप्रकाश महेश्वरी ने लोहारिया परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गौसेवा के लिए किया गया यह योगदान न केवल गौवंश के संरक्षण में सहायक होगा, बल्कि समाज में सेवा और संवेदनशीलता का संदेश भी देगा. उन्होंने परिवार की गौभक्ति एवं धार्मिक भावना की सराहना की. परिजनों की स्मृति में किया गया यह पुण्य कार्य अनुकरणीय है. दान राशि का उपयोग गौमाताओं के चारे, उपचार एवं देखभाल जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में किया जाएगा. यह दान गौसेवा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक पहल है.

# महू के जंगल में तेंदुए की दहशत किया गाय का शिकार

**इंदौर.** महू क्षेत्र के जंगल में एक बार फिर तेंदुए की दस्तक से लोगों में दहशत है. तेंदुए ने करीब सात साल की गाय का शिकार किया है. उक्त गाय कृषक कैलाश निवासी तेलनबड़ी की बताई गई है. घटना की सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने मौके का निरीक्षण किया और पशु मालिक को मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है. बताया जा रहा है कि बड़गोंदा क्षेत्र पिछले एक माह से तेंदुओं का हॉटस्पॉट बना हुआ है. यहां तेंदुए लगातार मवेशियों को निशाना बना रहे हैं.



पिछले महीने भी बड़गोंदा इलाके की गोशाला में तेंदुओं ने एक से अधिक बार हमला कर करीब पांच गायों का शिकार किया था. लगातार हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है. वन विभाग क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने की बात कह रहा है.

# हार्डवेयर दुकान में लगी आग, 20 हजार लीटर पानी से पाया काबू

▸ वीर सावरकर नगर की माया भवन मल्टी में हादसा

▸ समय रहते खाली करा लिए गए फ्लैट

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** वीर सावरकर नगर स्थित माया भवन मल्टी के नीचे शनिवार को एक हार्डवेयर दुकान में अचानक आग लग गई. आग लगते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई और मल्टी में रहने वाले लोग तुरंत नीचे उतर आए. सूचना पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब 20 हजार लीटर पानी डालकर आग पर काबू पाया. समय रहते आग बुझने से बड़ा हादसा टल गया.



**दुकान में रखा हार्डवेयर का सामान जलकर राख**

बताया जा रहा है कि आग शुभम इंटरप्राइजेंस नाम की हार्डवेयर दुकान में लगी थी, जो जी प्लस थ्री बिल्डिंग के नीचे किराए से संचालित होती है. आग में दुकान में रखा पीवीसी फिटिंग का सामान, पेंट-थिनर, हार्डवेयर सामग्री और फर्नीचर जलकर खाक हो गया. वहीं आग की लपटों से ऊपर स्थित सुभाष चौधरी के फ्लैट में पर्दे, पलंग और एलईडी टीवी भी जल गए. फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है.

आग लगते ही आसपास के लोगों ने केनों से पानी डालकर शुरुआती स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन लपटें तेज होने के कारण सफलता नहीं मिली. धुएं का गुबार ऊपरी मंजिल तक पहुंच गया, जिससे फ्लैटों में रहने वाले लोग घबराकर बाहर निकल आए. रहवासी सुभाष चौधरी ने बताया कि मल्टी में 5-6 फ्लैट हैं और सभी लोग समय रहते सुरक्षित नीचे आ गए. घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय पार्षद प्रशांत बड़वे भी मौके पर पहुंचे और पानी का टैंकर बुलवाया. उन्होंने फ्लैटों में जाकर लोगों की मौजूदगी भी चेक की. इसी दौरान फायर ब्रिगेड की टीम ने पहुंचकर आग बुझाने की कार्रवाई शुरू की और कुछ ही देर में आग पर नियंत्रण पा लिया.

# युवक ने फांसी लगाई, एक युवक को आया साइलेंट अटैक

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर में अलग-अलग घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई. बजरंग नगर में युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी, रालामंडल में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, खजराना में निर्माणाधीन बिल्डिंग से गिरकर युवती की जान चली गई, वहीं छोटा बांगड़दा में एक युवक की साइलेंट हार्ट अटैक से मौत हो गई.**

पंढरीनाथ क्षेत्र के बजरंग नगर कांकड़ निवासी 19 वर्षीय रोहित पिता राजू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. शव का एमवाय अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया. बताया जा रहा है कि वह वाहन चालक था और एक दिन पहले ही उसका ड्राइविंग लाइसेंस बना था. घटना के पीछे प्रेम प्रसंग की आशंका जताई जा रही है. परिजनों के अनुसार उसके मोबाइल पर एक युवती के लगातार फोन आ रहे थे, जिससे वह बिहार में एक शादी के दौरान मिला था. पुलिस युवती के बयान लेकर मामले की जांच कर रही है. वहीं, तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के रालामंडल इलाके में देर रात सड़क हादसे में 32 वर्षीय राहुल पिता भेरूलाल निवासी कायस्थखेड़ी सांवेर की मौत हो गई. रात करीब ढाई बजे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया. पुलिस ने मामला दर्ज कर वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है.

**निर्माणाधीन बिल्डिंग में काम के दौरान गिरी युवती ने दम तोड़ा**

खजराना क्षेत्र के स्टार चौराहे स्थित एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में काम के दौरान 21 वर्षीय हिना पति संतोष की गिरने से मौत हो गई. वह धार जिले के कुक्षी की रहने वाली थी और ऊंचाई पर काम करते समय संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर गई, जिससे गंभीर चोटें आने से उसकी मौत हो गई. इसी तरह छोटा बांगड़दा में 30 वर्षीय संदीप मकवाना की साइलेंट हार्ट अटैक से मौत हो गई. वह वेल्डिंग का काम कर रहा था, तभी अचानक सीने में दर्द उठा और उसकी जान चली गई. परिजनों के मुताबिक उसे पहले कभी हृदय संबंधी कोई परेशानी नहीं थी.

## रंजिश में युवक से मारपीट, बुलाकर किया हमला

**इंदौर.** खजराना थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते युवक को बुलाकर उसके साथ मारपीट की गई. पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस के अनुसार, दुर्गेश वर्मा का कुछ दिन पहले शुभम से विवाद हुआ था. इसी रंजिश के चलते आरोपी अरविंद ने दुर्गेश को फोन कर महक वाटिका के पास बुलाया. यहां पहले से मौजूद शुभम और अन्य साथियों ने उसे घेर लिया और गाली-गलौज शुरू कर दी. विरोध करने पर आरोपियों ने दुर्गेश के साथ मारपीट की. घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है.

# स्क्रैप कारोबारी को लूटने से पहले आरोपियों ने की थी रैकी

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** पंढरीनाथ थाना क्षेत्र में स्क्रैप व्यापारी से 3 लाख रुपए की लूट के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है. शुक्रवार को 25 से ज्यादा पुलिस जवानों की टीम ने शहर के कई बाजारों और मार्गों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें सामने आया कि बदमाश वारदात से करीब एक घंटे पहले से ही व्यापारी की रेकी कर रहे थे.

निहालपुरा निवासी स्क्रैप व्यापारी मनय उर्फ मुकेश अग्रवाल को बदमाशों ने नकली पुलिसकर्मी बनकर निशाना बनाया था. आरोपी उन्हें अपने साथ ले गए और रास्ते में रुपए से भरा बैग छीनकर फरार हो गए. जांच में पता चला है कि बदमाश गाड़ी अड्डा क्षेत्र से ही व्यापारी के पीछे लग गए थे, जहां से उन्होंने पहली पेमेंट ली थी. इसके बाद आरोपी लगातार उनका पीछा करते रहे और मौका मिलते ही वारदात को अंजाम दिया. सीसीटीवी में आरोपी कोतवाली थाना क्षेत्र में भी नजर आए हैं. पुलिस को पहले से ही आशंका थी कि वारदात रेकी के बाद की गई है, जो अब जांच में लगभग साफ हो गई है. वहीं, पुलिस को व्यापारी के साथ काम करने वाले कुछ लोगों पर भी शक है. सूत्रों के अनुसार दो संदिग्ध बदमाशों के नाम पुलिस तक पहुंच चुके हैं और उनकी जल्द गिरफ्तारी की संभावना है. देर रात तक पुलिस की टीमें गाड़ी अड्डा और जूनी इंदौर क्षेत्र में आरोपियों की तलाश में जुटी रहीं.

**एक नजर में** ▸ हादसों के बावजूद नगर निगम और यातायात विभाग की निष्क्रियता सवालों के घेरे में, लोगों में आक्रोश

# पटेल ब्रिज पर जारी अवैध पार्किंग लोगों की जान के लिए खतरा



**इंदौर.** शहर के व्यस्ततम पटेल ब्रिज पर वर्षों से जारी अवैध चार पहिया पार्किंग अब लोगों की जान के लिए खतरा बन चुकी है. लगातार हो रहे हादसों के बावजूद नगर निगम और यातायात विभाग की निष्क्रियता सवालों के घेरे में है. इससे नागरिकों में भारी आक्रोश व्याप्त है.

शहर के महत्वपूर्ण मार्ग पटेल ब्रिज पर अवैध रूप से संचालित चार पहिया वाहन पार्किंग अब गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बनती जा रही है. इस समस्या को लेकर पूर्व में कई बार नवभारत द्वारा समाचार प्रकाशित कर संबंधित अधिकारियों को आगाह किया गया था कि ब्रिज पर खड़े वाहनों से न केवल यातायात बाधित हो रहा है, बल्कि किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है. इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की.

करीब एक-दो माह पूर्व ग्वालटोली की ओर स्थित ब्रिज के हिस्से में एक अनियंत्रित कार ने पैदल राहगीर एवं ठेला चालक को टक्कर मार दी थी. इस घटना के बाद भी प्रशासन नहीं चेता. हाल ही में दो दिन पूर्व सियागंज की ओर स्थित हिस्से में नगर निगम का तेज रफ्तार पानी का टैंकर अनियंत्रित होकर अवैध रूप से खड़े वाहनों को कुचलता हुआ फुटपाथ और रेलिंग तक तोड़ गया. गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई. यदि टैंकर पुल से नीचे गिर जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था. आश्चर्यजनक बात ब्रिज पर अवैध पार्किंग दोबारा शुरू हो चुकी है, जबकि जिम्मेदार विभाग अब भी मौन बने हुए हैं.

**यह बोले नागरिक...**



आखिर क्यों रेलिंग टूटने जैसी घटना के बाद भी पार्किंग दोबारा शुरू हो गई. यह अधिकारियों की लापरवाही दर्शाता है. नागरिकों की सुरक्षा से खिलवाड़ नहीं होना चाहिए.

**- मिथलेश प्रजापति**



रोजाना पटेल ब्रिज से गुजरते हैं अवैध पार्किंग के कारण रास्ता संकरा हो जाता है1 बार-बार हादसे हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन की उदासीनता समझ से परे है.

**- फिरोज खान**



हाल की दुर्घटना ने साबित कर दिया कि ब्रिज पर अवैध पार्किंग जानलेवा हो सकती है. किसी बड़े हादसे का इंतजार करने के बजाय प्रशासन को तत्काल सख्त कार्रवाई करनी चाहिए.

**- कपिल कुमार**